राज्यपाल ने खुर्जा में पोल्ट्री उद्योग का निरीक्षण किया

पोल्ट्री उद्योग से जुड़े लोगों से मिली राज्यपाल

लखनऊः 12 जनवरी, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद बुलन्दशहर की तहसील खुर्जा में 'एक जनपद एक उत्पाद योजना' के अन्तर्गत खुर्जा के नीलकंठ डेकोरेटर मिनहास पोल्ट्री तथा मार्क इण्डस्ट्रीज का स्थलीय निरीक्षण किया और उन्होंने पोल्ट्री उद्योग की निर्मित पोल्ट्री उत्पादों के संबंध में प्रबन्धकों से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पोल्ट्री उद्योगों में निर्मित किये जा रहे विभिन्न कलात्मक पोल्ट्री उत्पादों की प्रोसेसिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

राज्यपाल ने कारखाने के अन्दर कार्य कर रहे विभिन्न श्रमिकों से भी बात की तथा उनके द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों की प्रशंसा की।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (119/16)